## संक्षिप्त

### नई कार्यकारिणी गठन के लिए बैठक

**भीलवाड़ा।** गणेश उद्यान विकास समिति, सेक्टर 10 आरसी व्यास भीलवाड़ा की कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक 18.05.2025 को संपन्न हुई। बैठक में समिति के सभी पुराने सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। बैठक के दौरान, सर्वसम्मति में यह निर्णय लिया गया कि समिति की वर्तमान कार्यकारिणी को तत्काल प्रभाव से भंग किया जाता है, जो कि दो माह पूर्व गठित की गई थी। इसके साथ ही, एक नई कार्यकारिणी के गठन का निर्णय लिया गया। समिति की आगामी बैठक दिनांक 25 मई 2025 सांय 8.15 को आयोजित की जाएगी, जिसमें नई कार्यकारिणी का चुनाव एवं गठन किया जाएगा। समिति के सदस्यों ने उद्यान के विकास और रखरखाव के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और नई कार्यकारिणी से इस कार्य को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने की उम्मीद जताई। इस दौरान आशीष जागेटिया, विश्वेश्वर यादव, सुभाष अठावाल, गजेंद्र कुमार गर्ग, मदनलाल पोरवाल, सत्यनारायण राठी अशोक कुमार अठावाल, राजकुमार दाधीच, रतन लाल ठठेरा, प्रहलाद तंबोली, चांदमल मोदी, नंदकिशोर कोठारी, विकास पाराशर, अनिल कुमार सोमानी, अंकुर मोदी, जयकुमार, सोनिया जागेटिया, चंदा मोदी, रेखा सोमानी, राजश्री लखारा, नीलम लखारा, अनिल शर्मा, रमेश अगनानी, गोविंद सिंह राजावत, विपिन, मोहित लक्षकार, बुद्धि प्रकाश उपाध्याय, राजेंद्र लखारा, प्रेम प्रकाश पुरोहित, बाबूलाल बांगड़, पवन कुमार मूंदड़ा सहित 40 परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

### अवार्ड के लिए प्रविष्टियां मांगी

**अजमेर** (कासं)। साहित्य के क्षेत्र में सृजनशील प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अजमेर लेखिका मंच एवं सामाजिक सेवा संस्थान द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किया जाने वाला 'डॉ. अरुणा माथुर कलम अवॉर्ड' एक बार फिर साहित्य प्रेमियों के लिए खुला है। कविता, लघुकथा और गजल विधाओं में अपनी लेखनी से समाज को संवेदित करने वाले रचनाकार 5 जून 2025 तक अपनी स्वरचित, अप्रकाशित और मौलिक रचना भेज सकते हैं। प्रतियोगिता विषय-निर्भर नहीं है, यानी रचनाकार अपनी पसंद का कोई भी भाव, विचार या सामाजिक सरोकार चुन सकते हैं। प्रत्येक विधा में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार एवं सम्मान पत्र प्रदान किए जाएंगे। संस्थापिका डॉ. मधु खंडेलवाल ने बताया कि इस सम्मान का उद्देश्य न केवल नवोदित रचनाकारों को मंच देना है, बल्कि अनुभवी साहित्य साधकों को भी समाज के सामने लाना है।

### रंग भरो प्रतियोगिता आयोजित

**अजमेर ।** देश की एकता एवं अखण्डता की रक्षार्थ अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले वीर शिरोमणी सम्राट पृथ्वीराज चौहान की 859वीं जयन्ती के उपलक्ष में रंग भरो प्रतियोगिता के स्कूल स्तर पर आयोजित की गई, जिसमें अजमेर के 80 विद्यालयों ने भाग लेकर प्रथम, द्वितीय तृतीय चयनित कर सम्राट पृथ्वीराज चौहान समारोह समिति को भेजा गया। स्कूलों द्वारा चयनित परिणामों में से निर्णायक मंडल लोक कला संस्थान के संजय कुमार सेठी, लक्षिता अकादमी की मीनाक्षी मंगल व फाईन आर्टस में म.द.सं. की गोल्ड मेडलिस्ट नीकीता द्वारा शहर स्तर पर कनिष्ठ व वरिष्ठ वर्ग के प्रथम, द्वितीय व तृतीय विद्यार्थियों का चयनित किया गया। समन्वयक सम्पत सांखला ने बताया कि रंग भरों प्रतियोगिता में कनिष्ठ वर्ग में सेंट मेरी कॉन्वेट की तरंगिनी प्रथम, सेंट पॉल स्कूल की आकृति द्वितीय, गुरूकुल सी.सै. स्कूल बडल्या के आयुष कुमार तृतीय व सरस्वती बा.मंदिर मा. वि. की लावन्या सात्वना पुरस्कार व वरिष्ठ वर्ग में सेंट मेरी कॉन्वेट की कामांशी चौहान प्रथम, माहेश्वरी पब्लिक स्कूल के दिव्यमान कुमार द्वितीय, सेंट एन्सलम के अर्थव शर्मा तृतीय एवं ऑल सेंट स्कूल की मानवी जांगिड व रा.उ.मा.वि. क्रिश्चयनगंज की साहिब को सांत्वना पुरस्कार के लिए चयनित किया गया।

### कार्यकारिणी की घोषणा

**शाहपुरा ।** विधायक लाला राम बैरवा एवं नगर अध्यक्ष सुगंधी द्वारा नगर मंडल कार्यकारिणी की घोषणा । सोमवार को शाहपुरा विधायक पर जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा के निर्देश पर एवं स्थानीय विधायक डॉ.लालाराम बेरवा की अनुशंसा से मंडल अध्यक्ष पंकज सुगंधी ने की नगर मंडल कार्यकारिणी की घोषणा की एवं नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत सम्मान किया।

# 'हर वीर सिपाही सेना का केवल हिंदुस्तानी है...'

■ 'ऑपरेशन सिंदूर' को समर्पित अजयमेरु प्रेस क्लब की साहित्यधारा



साहित्यिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए मासिक गोष्ठी का आयोजन किया गया।

**अजमेर,** (कासं)। साहित्यिक गतिविधियों को बढ़ावा देने और साहित्य प्रेमियों का हौसला बनाये रखने के लिए कई वर्षों से चली आ रही अजयमेरु प्रेस क्लब की मासिक गोष्ठी 'साहित्यधारा' इस बार पाकिस्तान से संचालित आंतकवाद के खिलाफ भारत द्वारा चलाये गए 'ऑपरेशन सिंदूर' को समर्पित रही। रचनाकारों ने देशभक्ति व सेना की शौर्यगाथा से ओतप्रोत रचनाएं प्रस्तुत कीं।

रामवतार यादव 'सहर' की कविता जंग में सब हारते हैं जीतता कोई नहीं, नलिनी उपाध्याय की कविता 'बिना रक्तपात युद्ध', कुलदीप खन्ना की रचना 'हमारा ही रहेगा पीओके', और एमडीएस विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ के सी शर्मा की रचना 'जब ऑपरेशन सिंदूर हुआ' ने जहां खूब दाद पाई वहीं प्रदीप गुप्ता की कविता 'हर वीर सिपाही अपनी सेना का केवल हिन्दुस्तानी है', डॉ रंजना शर्मा की कविता 'रणचण्डी का हुंकार भरा', डॉ चेतना उपाध्याय की रचना 'पूरब पर नाज़ पच्छिम का करें आगाज़', अमित टण्डन की ग़ज़ल 'भरे हों पेट जिनके वो भूखों को इमदाद नहीं देते', पुष्पा क्षेत्रपाल की रचना 'मेरी देश की सेना क्या कहना और विजय कुमार शर्मा की कविता 'भारत की सेना का शौर्य' को बहुत सराहा गया। इनके अतिरिक्त ब्यावर के चंद्रभान सिंह, रजनीश मसीह, देवेंद्र सिंह चौहान, पुष्पा शर्मा 'कुसुम' की विभिन्न शैलियों में सुनाई गई रचनाओं ने जहां व्यवस्था पर प्रहार किए और सामाजिक हालात को दर्शाया, वहीं देश की विजय पताका को भी सलाम किया।

गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए बनवारी लाल शर्मा ने अपने जीवन जे अनेक अनुभव साझा किए और कविता 'सेना का शौर्य' सुनाई। कार्यक्रम का संचालन अमित टण्डन ने किया । अंत में प्रदीप गुप्ता ने सभी का आभार प्रकट किया।

# गर्मी में आमजन से विशेष एहतियात बरतने की अपील

**भीलवाड़ा।** जिले में झुलसाती गर्मी और लू-तापघात के प्रकोप को देखते हुए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने आमजन से विशेष एहतियात बरतने की अपील की है। अधिक तापमान और लू के कारण विशेषकर बुजुर्ग, कुपोषित बच्चे, गर्भवती महिलाएं और शुगर व बीपी जैसी गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों को अधिक सर्तकता रख ध्यान रखने की जरूरत है । मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ. सी.पी. गोस्वामी ने सभी चिकित्सा संस्थानों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में रोगियों के लिए शुद्ध पेयजल, ओआरएस, ड्रिपसेट और अन्य आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। स्वास्थ्य विभाग ने अपील की है कि बढ़ती गर्मी और लू के प्रकोप से बचने के लिए सभी लोग सावधानी बरतें और अपने स्वास्थ्य का विशेष ख्याल रखें।

## रैली की तैयारी बैठक आयोजित

**शाहपुरा ।** भीलवाड़ा में आयोजित होने वाली संविधान बचाओ रैली की तैयारियां जोरो पर है । गुलाबपुरा में सोमवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार 21 मई को भीलवाडा में आयोजित होने वाली सविधान बचाओ रैली और जातिगत जनगणना को जल्द संपन्न करवाने की मांग को लेकर आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भीलवाडा जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी के निर्देशानुसार कांग्रेस जनों की एक अति आवश्यक बैठक शाहपुरा में नगर कांग्रेस अध्यक्ष बालमुकुन्द तोषनीवाल की अध्यक्षता में हुई । जिसमे रैली की तैयारी की गई।


**NAME CHANGE**

I Sheela Mother of Army No 18013973K, L/Nk, Amit Kumar,Residing Village-Ikkas, Po - Ikkas, Teh & Dist - Jind, Harayana, 126102 Have changed my name From Seela to Sheela Vide affidavit no CA 920648 Dt 19/05/2025 before court Campus Nasirabad

**NAME CHANGE**

I Rohtash Father of Army No 18013973K, L/Nk, Amit Kumar,Residing Village-Ikkas, Po - Ikkas, Teh & Dist - Jind, Harayana, 126102 Have changed my name From Sh. Rohtash to Rohtash Vide affidavit no CA 920649 Dt 19/05/2025 before court Campus Nasirabad


# हेरीटेज लुक में बने रेल्वे स्टेशन का लोकार्पण 22 को

**माण्डलगढ़ ।** ।केंद्र सरकार की अमृत भारत रेलवे स्टेशन योजना के तहत मांडलगढ रेलवे स्टेशन अब अपना एक भव्य रूप लेकर यात्रियों का स्वागत करने को तैयार है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 मई को मांडलगढ़ रेलवे स्टेशन का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे,कार्यक्रम में भीलवाड़ा सांसद दामोदर अठावाल, मांडलगढ़ विधायक गोपाल शर्मा सहित तमाम नेता और रेलवे प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहेंगे। मांडलगढ़ का यह एक स्टेशन ही नहीं बल्कि राजस्थान की स्थापत्य कला एवं आधुनिक सुविधाओं का एक आकर्षक संगम बन गया हैं, रेलवे स्टेशन को हेरिटेज लुक में ढाला गया हैं, यह स्टेशन न केवल यात्रा का माध्यम हैं, बल्कि एक सांस्कृतिक एवं पर्यटन के रूप में भी पहचान बना रहा हैं, अमृत भारत योजना में मांडलगढ़ रेलवे स्टेशन पर 4 करोड़ 74 लाख रुपए की लागत से किए गए कायाकल्प ने इस स्टेशन की तस्वीर ही बदल डाली हैं,यहाँ यात्रियों को एयरपोर्ट जैसी सुविधाओं का अहसास होगा। अमित कुमार वर्मा वाणिज्य प्रबन्ध रेल मंडल कोटा ने बताया कि केंद्र सरकार की अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत मांडलगढ़ रेलवे स्टेशन का नक्शा सौंदर्य में बदल गया है। यहां पर यात्री सुविधा भी बढ़ गई है विकास एवं सौंदर्य करण कार्यों पर 4 करोड़ 64 लाख 18347 रुपए की लागत आई हैं।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 मई को सुबह 11:00 बजे बीकानेर के देशनोक से रेलवे स्टेशन का वर्चुअल लोकार्पण करेंगे। मांडलगढ़ रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में आयुक्त समझ में लोकसभा सचेतक एवं सांसद दामोदर अठावाल मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल प्रधान जितेंद्र मूंदड़ा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, रेलवे के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। लोकार्पण समारोह में करीब 2500 लोगों के बैठने की व्यवस्था की जा रही हैं। इसको लेकर रेलवे प्रशासन तैयारी में जुटा हुआ है। इसी सिलसिले में कोटा मंडल के रेलवे अधिकारियों ने मांडलगढ़ स्टेशन का दौरा कर निरीक्षण किया जा रहा हैं। कार्यक्रम को भव्य और आकर्षक बनाने के लिए स्टेशन मास्टर देवीलाल जाट स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों से संवाद बना रहे हैं।

## 6 पत्रकारों का सम्मान

**अजमेर,** (कासं)। विश्व संवाद केन्द्र चित्तौड़ प्रांत की ओर से देवर्षि नारद जयंती के अवसर पर रविवार को कोटा में श्रीनाथपुरम स्थित शिव ज्योति कॉन्वेंट स्कूल सभागार में प्रांत स्तरीय पत्रकार सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

इसमें चित्तौड़ प्रान्त के अंतर्गत शामिल 14 जिलों से विभिन्न श्रेणियों में चयनित 6 पत्रकारों को 11-11 हजार रुपये नकद पुरस्कार व प्रतीक चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। कोटा विभाग प्रचार प्रमुख चंद्रशेखर साहू ने बताया कि आवेदन करने वाले सभी प्रतिभागी पत्रकारों को ई-प्रशस्ति पत्र भेजकर सम्मानित किया जाएगा। विश्व संवाद केन्द्र चित्तौड़ प्रांत के सचिव प्रवीण कोटिया ने बताया कि सम्मान समारोह में उत्कृष्ट फोटो जर्नलिस्ट श्रेणी में हिमांशु शर्मा (अजमेर), उत्कृष्ट स्तंभकार श्रेणी में विवेक वैष्णव (चित्तौड़), प्रिंट मीडिया श्रेणी में क्रिश जायसवाल (छीपाबड़ौद), डिजिटल मीडिया श्रेणी में मनीष गौतम (कोटा), महिला पत्रकार श्रेणी में कृतिका शाह (प्रतापगढ़) एवं कंटेंट क्रिएटर (यूट्यूब) श्रेणी में प्रवीण मीणा (इटावा) को पुरूस्कृत किया गया।

# भाजपा ने मनाई होलकर की 300 वीं जयंती

**भीलवाड़ा।** भाजपा प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार पुण्य श्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के उपलक्ष में जिला कार्यालय पर कार्यशाला का आयोजन भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष विशाल पार्थ के मुख्य आतिथ्य, जिलाध्यक्ष प्रशान्त मेवाड़ा की अध्यक्षता एवं महापौर राकेश पाठक के सान्निध्य में हुआ।

जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष विशाल पार्थ ने कार्यशाला में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर को धर्म, न्याय और राष्ट्रधर्म का सजीव स्वरूप बताते हुए कहा कि वे भारतीय सनातन संस्कृति की पुनर्स्थापना की अठादूत थी। उन्होंने विदेशी आक्रांताओं के कालखंड में जिस साहस, भक्ति और समर्पण से काशी से लेकर रामेश्वरम तक तीर्थ स्थलों का पुनरूद्धार करवाया, वह भारतीय इतिहास का अद्धितीय अध्याय है। जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने कहा कि रानी अहिल्या बाई धर्म के प्रति संवेदनशील थी, उतनी ही न्यायप्रिय थी। वे सुशासन, सामाजिक सुरक्षा एवं सांस्कृतिक उत्थान के क्षेत्र में किए गए अपने कार्यों के लिए लोकमाता के रूप में समाज में पूजित एवं प्रतिष्ठित हुई। उन्होंने अपने जीवन में शुचिता एवं सादगी की ऐसी मिशाल कायम की, जिसकी आज भी शपथ ली जा सकती है। महापौर राकेश पाठक ने कहा कि पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर ने अपने शासन काल में अपने पराक्रम के साथ-साथ समाज की कुरीतियों को समाप्त करने और समाज को समर्थ बनाने की दिशा में अभिनंदनीय कार्य किया। कार्यशाला का संचालन युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष कुलदीप शर्मा ने किया। आभार कार्यशाला संयोजक ऋतुशेखर शर्मा ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में जिला महामंत्री राजकुमार आंचलिया, भगवती प्रसाद जोशी, कार्यशाला सहसंयोजक श्रीमती मंजू पालीवाल, सदस्य भगवत सिंह खैराबाद, घनश्याम सिंघीवाल, लालाराम गाडरी, ललित व्यास, मनीष जांगिड़, आकाश मालावत, ज्योति आशीर्वाद, सुमित्रा पोरवाल, इंदु बंसल, मधु शर्मा एवं बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


**कार्यालय नगर परिषद पुष्कर जिला अजमेर राजस्थान**

क्रमांक: न.प.पु./भूमि/2025/346 दिनांक: 16/5/2025

**उजरदारी सूचना**

निम्न आवेदक ने अपनी खरीदशुदा सम्पति के भवन निर्माण स्वीकृति हेतु नगर परिषद पुष्कर में आवेदन किया है जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था इत्यादि को उक्त कार्यवाही में कोई आपति हो तो अपनी आपति विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर ठोस सबूत मय दस्तावेज के आधार पर नगर परिषद पुष्कर के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद कोई आपति मान्य नहीं होगी एवं परिषद द्वारा अग्रिम कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जायेगी।

| क्र.सं. | आवेदक का नाम मय पिता/पति | स्थान | चतुर्थ सीमा | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री सुखदेव गुर्जर पुत्र श्री भंवर लाल गुर्जर | प्लॉट नं. 25 क्षेत्रफल 311.11 वर्गगज वाके श्रीजी कॉलोनी भट्टवाय गणेश जी रोड पुष्कर | पूर्व- भूखण्ड संख्या 38 पश्चिम- 30 फुट सर्विस लेन ज्वाबाद रास्ता | उत्तर- भूखण्ड संख्या 26 दक्षिण- 30 फुट रास्ता |

आयुक्त नगर परिषद पुष्कर

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी (अधिशासी अधिकारी) परबतसर**

क्रमांक -नपाप/भूमि शाखा(90-क)/2025-26/439 दिनांक : 19.05.2025

**लोक सूचना**

श्री ओमप्रकाश पुत्र मोहन लाल एवं श्री रमेश बोहरा पुत्र श्री मोहन लाल जाति ब्राह्मण निवासी परबतसर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित कृषि भूमि का गैर कृषिक प्रयोजनार्थ(आवासीय प्रयोजनार्थ) हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्-

| आवेदन का नाम जिले सहित | ग्राम का नाम | खसरा सं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| श्री ओमप्रकाश पुत्र मोहन लाल एवं श्री रमेश बोहरा पुत्र श्री मोहन लाल जाति | तहसील परबतसर जिला डीडवाना कुचामन राज. | राजस्व ग्राम परबतसर | क्षेत्रफल रकबा 1.2000 हैक्टेयर अर्थात 12000 वर्गमीटर किस्म बारानी 03 |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 19.05.2025 को जारी की गयी ।

प्राधिकृत अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका परबतसर


# हाथी भाटा में बनेगा 132 केवी गैस आधारित विद्युत सब स्टेशन, 147 करोड़ की स्वीकृति जारी

■ देवनानी के आग्रह पर अजमेर की बिजली व्यवस्था सुधारने के लिए हुई थी बजट घोषणा

■ अजमेर शहर के केन्द्र में पहला बड़ा जीएसएस, हजारों घरों, होटलों, अस्पताल, कलक्ट्रेट को होगा फायदा

■ विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के प्रयास लाए रंग

**अजमेर** (कासं)। अजमेर शहर की बिजली व्यवस्था में ऐतिहासिक सुधार के लिए अच्छी खबर है। हाथी भाटा स्थित पावर हाउस में गैस आधारित 132 केवी जीएसएस बनेगा। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने अजमेर की बिजली व्यवस्था को सुधारने के लिए यह घोषणा की थी। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के प्रयासों से जीएसएस के लिए 147 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी हो गई है। शीघ्र ही जीएसएस निर्माण का काम शुरू होगा। राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड ने हाथी भाटा में 132 केवी गैस इमुलेटैड पावर हाउस के लिए प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की है। इसके तहत 147 करोड़ रूपये की लागत से जीएसएस से संबंधित विभिन्न कार्य करवाए जाएंगे। अजमेर शहर में वर्तमान बिजली व्यवस्था शहर के आसपास स्थित जीएसएस पर निर्भर है। ऐसे में लम्बे समय से यह आवश्यक्ता महसूस की जा रही थी कि शहर के बीच में 132 केवी जीएसएस स्थापित किया जाए। शहर के मध्य भाग में जीएसएस के लिए आवश्यक जगह उपलब्ध नहीं होने पर यह प्रस्ताव तैयार किया गया कि गैस आधारित जीएसएस स्थापित किया जाए जो कम जगह घेरेगा। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बजट घोषणा में यह जीएसएस स्वीकृत कराने के लिए आग्रह किया। देवनानी के आग्रह पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने बजट घोषणा में अजमेर को गैस आधारित जीएसएस की सौगात दी। विधानसभा अध्यक्ष देवनानी बजट घोषणा के साथ ही इसकी वित्तीय स्वीकृति जारी करवाने के लिए प्रयासरत थे। राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम ने इस संबंध में आदेश जारी किए है। अजमेर शहर को होगा फायदा - वर्तमान में अजमेर शहर की बिजली व्यवस्था शहर के आसपास स्थित विभिन्न जीएसएस पर आधारित है। ऐसे में फाल्ट आदि आने पर उसे सही करने एवं मॉनिटरिंग में परेशानी आती है। हाथी भाटा में गैस आधारित जीएसएस बनने से शहर के बीचों बीच बिजली का केन्द्र बनेगा। शहर की अधिकांश बिजली आपूर्ति, नया कलक्ट्रेट भवन, नया अस्पताल भवन एवं अन्य निर्माणों को विद्युत उपलब्ध शहर के मध्य से ही सुनिश्चित हो जाएगी। यह आकार में कम होने से जगह भी कम घेरेगा। नया जीएसएस स्थापित होने से शहर में बिजली की गुणवत्ता भी सुधरेगी।

## एडवांस कोर्स स्काउट का आयोजन

**अजमेर,** (कासं)। उत्तर पश्चिम रेलवे राज्य भारत स्काउटस् एण्ड गाईडस् राज्य मुख्यालय, जयपुर द्वारा 17 से 23 मई 2025 तक पुष्कर घाटी प्रशिक्षण केन्द्र पर राज्य स्तरीय एडवांस कोर्स फोर स्काउट मास्टर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जयपुर, अजमेर, जोधपुर एवं बीकानेर मण्डलों से 24 सदस्य मय स्टॉफ भाग ले रहे हैं। उक्त कोर्स का संचालन धर्मेन्द्र कुमार शर्मा, राज्य प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) के निर्देशन में किया जा रहा है। प्रशिक्षणकर्ता दिनेश पाण्डे, एस ओ सी (स्काउट) सुभाष दुगप्पा, सेल ऑगनाईजर, प्रधान कार्यालय, जयपुर, आलोक शर्मा, डिस्ट्रीक सेक्ट्री, अजमेर, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट), जयपुर, प्रियांशु एवं मोहित सिंगला, क्वाटर मास्टर द्वारा संचालित किया जा रहा है।


**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी जोन उत्तर अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**

क्रमांक:LU2012/ADA2025-26/101572 दिनांक: 19.05.2025

**लोक सूचना**

श्री GEETA DEVI पत्नी श्री KISHANLAL GURJAR जाति GURJAR निवासी W/O KISHANLAL GURJAR NEAR DEVNARAYAN MANDIR VILLAGE KAYAD ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का इंफ्रास्ट्रक्चर एवं वेयर हाउसिंग प्रोजेक्टस प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारी के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

| क्र.सं. | जिले का नाम व तहसील | खातेदार का नाम | खसरा सं. | क्षेत्रफल(व.मी.) | क्षेत्रफल (हैक्टे.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कायड, अजमेर(अजमेर) | GEETA DEVI W/O SH. KISHANLAL | 5607/4440 | 1533 | 0.1533 |
| 2. | कायड, अजमेर(अजमेर) | GEETA DEVI W/O SH. KISHANLAL | 5610/4441 | 1734 | 0.1734 |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority(UDH) आईकन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते हैं। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 19.05.2025 को जारी की गयी ।

प्राधिकृत अधिकारी जोन उत्तर,अजमेर विकास प्राधिकरण,अजमेर


## अंग्रेजी बोलो क्लब का शुभारंभ

**ब्यावर** (निस) भारतीय सांस्कृतिक निधि के ब्यावर अध्याय द्वारा सोमवार से राजकीय पटेल सीनियर स्कूल में एक माह तक निःशुल्क अंग्रेजी बोलना सिखाया जायेगा। इस शिविर का सध राजकीय महाविद्यालय ब्यावर की प्राचार्या रेखा मंडोवरा के मुख्य आतिथ्य में शुभारंभ हुआ। उन्होंने कहा कि कोई भी भाषा सीखना कठिन नहीं है ।

# रंग भरो प्रतियोगिता के विद्यालय स्तर के विजेता

**अजमेर ( निंस )।** 51 सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों ने रंग भरो प्रतियोगिता में भाग लिया जिसमें विद्यालय स्तर पर राजकीय बा.उ.मा. वि. क्रिश्चयन गंज के कनिष्ठ वर्ग में प्रथम पूर्वा द्वितीय प्राची सेन, तृतीय साहिबा, वरिष्ठ वर्ग में प्रथम अंजलि सेन, द्वितीय हीना बानो, तृतीय प्रिया सवासिया, राजकीय बा.उ.मा. वि. श्रीनगर रोड के कनिष्ठ वर्ग में प्रथम सुहाना, द्वितीय पल्लवी, तृतीय लीना वरिष्ठ वर्ग में प्रथम चेतना सामरवाल, द्वितीय खुशी, तृतीय हेमलता, गुरूकुल पब्लिक स्कूल भजनगंज के कनिष्ठ वर्ग में प्रथम हिमांशु वर्णवाल, द्वितीय ज्योति गुर्जर, तृतीय कार्तिक शर्मा व वरिष्ठ वर्ग में प्रथम अरूण गुर्जर, द्वितीय प्रत्यक्ष प्रताप सिंह चौहान, गुरूकुल पब्लिक स्कूल बडलिया के कनिष्ठ वर्ग में प्रथम आयुष कुमार, द्वितीय ईश्का कुमारी, तृतीय सचिन, संत कंवरराम सी.सै.स्कूल, के कनिष्ठ वर्ग में प्रथम महक, द्वितीय हर्षप्रीत कौर, तृतीय पूर्वी व वरिष्ठ वर्ग में प्रथम आरती, द्वितीय हर्षित, तृतीय दिप्ती गहलोत, सेंट मेरी कॉन्वेट सी.सै. स्कूल के कनिष्ठ वर्ग में प्रथम भूमिका बालोटिया, द्वितीय तरंगिनी शर्मा, तृतीय विधि माच्या व वरिष्ठ वर्ग में प्रथम कामांशी चौहान, द्वितीय सुहानी सिंह, तृतीय भाविका सैनी, रा.केन्द्रिय बा.उ.मा. वि. पुरानी मंडी के कनिष्ठ वर्ग में प्रथम कोमल अरोड़ा, द्वितीय नेमत बानो, तृतीय कनक धानका व वरिष्ठ वर्ग में प्रथम गुंजन चौधरी, द्वितीय जान्हवी वैष्णव, द्वितीय सीरत कसौधन, तृतीय नवीन सिंह व वरिष्ठ वर्ग में प्रथम दिशा, द्वितीय वैभव कुमार वर्मा, तृतीय सागर जाटव, सरस्वती बाल मंदिर सै. स्कूल सुभाष नगर के कनिष्ठ वर्ग में प्रथम प्राची, द्वितीय लावण्या रही।

# अजमेर में कांग्रेस ने संविधान बचाओ रैली के तहत दिया विशाल धरना

■ देश का संविधान और लोकतंत्र खतरे में, सभी वर्गों को साथ आने की जरूरत

**अजमेर,** (कासं)। केंद्र सरकार की नीतियों और संविधान विरोधी रवैया के खिलाफ कांग्रेस ने अजमेर के गांधी भवन चौराहे पर सोमवार को कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली के तहत विशाल धरने का आयोजन किया गया, आयोजित रैली अजमेर प्रभारी पूर्व विधायक महेंद्र चौधरी की मौजूदगी में तथा शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय जैन की अध्यक्षता में आयोजित की गई,

जिसमें बड़ी संख्या में जिले के कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। धरने शुरुआत वंदेमातरम से की गई।

कांग्रेस नेताओं ने केंद्र और प्रदेश भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अजमेर प्रभारी पूर्व विधायक महेंद्र चौधरी ने कहा कि देश का संविधान और लोकतंत्र आज गहरे संकट में है, कांग्रेस पार्टी और डॉ अंबेडकर ने इस देश को मजबूत संविधान दिया है।

और उसी की बदौलत नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने हैं, लेकिन जब से यह लोग सत्ता में आए हैं तब से संविधान और लोकतंत्र को कमजोर करने का काम किया जा रहा है, संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने का काम किया जा रहा हैं।

चौधरी ने कहा कि देश के नेता राहुल गांधी ने जातीय जनगणना के लिए जिस तरीके से संघर्ष किया उसी का परिणाम है कि केंद्र की भाजपा सरकार को झुकना पड़ा।

सरकार को जातीय जनगणना कराने की घोषणा करनी पड़ी, कांग्रेस पार्टी ने संविधान को लागू करने का काम किया है तो संविधान को बचाने की भी जिम्मेदारी कांग्रेस पार्टी की है।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय जैन ने कहा कि संविधान बचाओ अभियान के पीछे उद्देश्य यही है कि लोगों को केंद्र सरकार की नीतियों से अवगत करवाना है कि वो किस तरह से देश को कमजोर कर रहे हैं, उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार हिटलर शाही पर उतारू है सुप्रीम कोर्ट तक को नहीं बख्शा जा रहा है और जहां भी चुनाव होते हैं वहां पर विपक्षी दलों के नेताओं को ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स के जरिए डराया धमकाया जाता है, विपक्षी दलों के संसाधन खत्म करने के प्रयास किए जाते हैं।

जैन ने कहा कि भाजपा ने पिछले चुनाव में संविधान बदलने के लिए 400 सीटें मांगी थी, लेकिन देश की जनता ने उसे 240 पर समेट दिया, आज वही सरकार जातीय जनगणना जैसी बुनियादी मांग को कांग्रेस के दबाव में मानने पर मजबूर हुई।

धरने को नसीम अख्तर इंसाफ, महेंद्र सिंह रलावता, डॉ राजकुमार जयपाल, राकेश पारीक, नाथूराम सिनोदिया, रामनारायण गुर्जर, पारसमल पंच, द्रौपदी कोली, शिव प्रकाश गुर्जर ने भी संबोधित करते हुए केंद्र की भाजपा सरकार को आडे हाथों लिया।

धरने में शामिल कांग्रेस जनों में कय्यूम खान, डॉ सुनील लारा, कमल बाकोलिया, प्रताप यादव, अमोलक छाबडा, राजेश टंडन, अंकुर त्यागी, श्याम प्रजापति, विपिन बैसिल, सुकेश कांकरिया, कैलाश कोमल, नरेश सत्यावना, सोनल मौर्य, रेनू मेघवंशी, फकरे मोइन, शैलेंद्र अग्रवाल, देशराज मेहरा, मोहित मल्होत्रा, हितेश्वरी टॉक, नोरत गुर्जर, बलराम शर्मा, गुलाम मुस्तफा, गजेंद्र रलावता, चंदन सिंह, गिरधर तेजवानी, रश्मि हिंगोरानी, अरुणा कच्छावा, ईश्वर टहलयानी, शिवराज भडाणा, निर्मल बेरवाल, अभिलाषा विश्नोई, वाहिद मोहम्मद, आलोक गुप्ता, नीरज यादव, मंजू बलाई, कमल वर्मा, लक्ष्मी धोलखेड़िया, मनीष चौरसिया, विवेक पारशर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।


**कार्यालय नगर परिषद ब्यावर**

Tel No:-01462-258665 E-mail:-npbeawar@gmail.com

क्रमांक-69ए/2025-26/1798 दिनांक-19.05.2025

**लोक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित खातेदारी भूमि किस्म आबादी का राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 की धारा 337 सपठित धारा 69 ए के अन्तगत व्यवसायिक उपयोग हेतु नगर परिषद ब्यावर के पट्टे जारी किये हेतु आवेदन किये जाने पर ऐसी भूमि को अपने अभिधृति अधिकारी के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है अर्थात-

खातेदार का नाम- अतुल पुत्र देवेन्द्र कुमार हिस्सा-1/84 जाति महाजन सा. देह खातेदार, अनुपमा पुत्री वीरेन्द्र कुमार हिस्सा-1/12 जाति महाजन सा. देह खातेदार, अनिल कुमार पुत्र सज्जन कुमार हिस्सा-1/14 जाति महाजन सा. देह खातेदार, अनिल कुमार पुत्र मुन्नालाल हिस्सा-1/42 जाति महाजन सा. देह खातेदार, अमित पुत्र देवेन्द्र कुमार हिस्सा-1/84 जाति महाजन सा. देह खातेदार, आलोक पुत्र देवेन्द्र कुमार हिस्सा-1/84 जाति महाजन सा. देह खातेदार, आशीष कुमार पुत्र सुरेन्द्र कुमार हिस्सा-1/56 जाति महाजन सा. देह खातेदार, इन्दु पुत्री गणेशीलाल हिस्सा-1/28 जाति महाजन सा. देह खातेदार, किरणलता पत्नि सुरेन्द्र कुमार हिस्सा-1/56 जाति महाजन सा. देह खातेदार, जम्बूकुमार पुत्र सुन्दरलाल -1/14 जाति महाजन सा. देह खातेदार, दिनेश पुत्र वीरेन्द्र कुमार हिस्सा-1/112 जाति महाजन सा. देह खातेदार, दिलीप कुमार पुत्र मुन्नालाल हिस्सा-1/42 जाति महाजन सा. देह खातेदार, नरेश पुत्र वीरेन्द्र कुमार हिस्सा-1/112 जाति महाजन सा देह खातेदार, प्रद्युमन पुत्र तोतालाल हिस्सा-1/14 जाति महाजन सा. देह खातेदार, पुष्पा देवी पुत्री जयकुमार हिस्सा-1/7 जाति महाजन सा. देह खातेदार, महेन्द्र कुमार पुत्र गणेशीलाल हिस्सा-1/28 जाति महाजन सा. देह खातेदार, रमेश कुमार पुत्र गणेशीलाल हिस्सा-1/28 जाति महाजन सा. देह खातेदार, राजेश कुमार पुत्र मधुकुमार हिस्सा-1/28 जाति महाजन सा. देह खातेदार, विजय कुमार पुत्र मोतीलाल हिस्सा-1/14 जाति महाजन सा. देह खातेदार विनोद कुमार पुत्र सुन्दरलाल हिस्सा-1/14 जाति महाजन सा देह खातेदार, विमला पत्नि वीरेन्द्र कुमार हिस्सा-1/112 जाति महाजन सा देह खातेदार, शब्द कुमार पुत्र प्रीतमल लाल हिस्सा 1/14 जाति महाजन शिवशरण पुत्र मुन्नालाल हिरसा-1/42 जाति महाजन सा देह खातेदार, सविता देवी पुत्री पन्नालाल हिस्सा 1/14 जाति महाजन सा देह खातेदार सुशील कुमार पुत्र गणेशीलाल हिस्सा 1/28 जाति महाजन सा देह खातेदार, ग्राम का नाम- नयानगर, खसरा सं. 521, किस्म-आबादी, क्षेत्रफल-0.5787 हेक्टेयर।

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियो की सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा के निर्वापन कोई आक्षेप है तो, वह इस नोटिस के 15 दिन के भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजो के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप अथाव में यह समझा जायेगा की किसी को कोई आक्षेप नही है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक को जारी की गई ।

प्राधिकृत अधिकारी
नगर परिषद ब्यावर

**कार्यालय नगर परिषद ब्यावर**

Tel No:-01462-258665 E-mail:-npbeawar@gmail.com

क्रमांक-69ए/2025-26/1796 दिनांक-19.05.2025

**लोक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित खातेदारी भूमि किस्म आबादी का राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 की धारा 337 सपठित धारा 69 ए के अन्तगत व्यवसायिक उपयोग हेतु नगर परिषद ब्यावर के पट्टे जारी किये हेतु आवेदन किये जाने पर ऐसी भूमि को अपने अभिधृति अधिकारी के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है अर्थात-

खातेदार का नाम-अतुल पुत्र देवेन्द्र कुमार हिस्सा-1/72 जाति महाजन सा. नयानगर खातेदार, 2 अनुपमा पुत्री वीरेन्द्र कुमार हिस्सा-1/96 जाति महाजन सा. नयानगर खातेदार, अनिल कुमार पुत्र सज्जन कुमार हिस्सा-1/12 जाति महाजन सा. नयानगर खातेदार, अमित पुत्र देवेन्द्र कुमार हिस्सा-1/72 जाति महाजन सा. देह खातेदार आलोक पुत्र देवेन्द्र कुमार हिस्सा-1/72 जाति महाजन सा. नयानगर खातेदार, आशीष कुमार पुत्र सुरेन्द्र कुमार हिस्सा-1/48 जाति महाजन सा. नयानगर खातेदार, इन्दु पुत्री गणेशीलाल हिस्सा-1/24 जाति महाजन सा. नयानगर खातेदार, किरणलता पत्नि सुरेन्द्र कुमार हिस्सा-1/48 जाति महाजन सा. नयानगर खातेदार, गीगालाल पुत्र सुन्दरलाल हिस्सा-1/12 जाति महाजन सा. नयानगर खातेदार, जम्बूकुमार पुत्र सुन्दरलाल 1/12 जाति महाजन सा. नयानगर खातेदार, दिनेश पुत्र वीरेन्द्र कुमार हिस्सा-1/96 जाति महाजन सा. नयानगर खातेदार, नरेश पुत्र वीरेन्द्रकुमार हिस्सा-1/96 जाति महाजन सा नयानगर खातेदार, प्रद्युमन पुत्र तोतालाल हिस्सा-1/12 जाति महाजन सा. नयानगर खातेदार, पुष्पा देवी पुत्री जयकुमार हिस्सा-1/6 जाति महाजन सा नयानगर खातेदार, महेन्द्र कुमार पुत्र गणेशीलाल हिस्सा 1/24 जाति महाजन सा नयानगर खातेदार,रमेश कुमार पुत्र गणेशीलाल हिस्सा-1/24 जाति महाजन सा. नयानगर खातेदार, राजेश कुमार पुत्र मधुकुमार हिस्सा-1/24 जाति महाजन सा. नयानगर खातेदारे, विनोद कुमार पुत्र सुन्दरलाल हिस्सा-1/12 जाति महाजन सा. देह खातेदार, विमला पत्नि वीरेन्द्र कुमार हिस्सा 1/96 जाति महाजन सा. देह खातेदार, शरद कुमार पुत्र प्रीतमल लाल हिस्सा 1/12 जाति महाजन सा. नयानगर खातेदार, सुशील कुमार पुत्र गणेशीलाल हिस्सा 1/24 जाति मधजन सा नथानमर खातेदार, ग्राम-छावनी प्रेड, खसरा संख्या-396,398, किस्म-आबादी, क्षेत्रफल-0.0931 एवं 0.0405 हेक्टेयर।

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियो की सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा के निर्वापन कोई आक्षेप है तो, वह इस नोटिस के 15 दिन के भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजो के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप अथाव में यह समझा जायेगा की किसी को कोई आक्षेप नही है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक को जारी की गई ।

प्राधिकृत अधिकारी
नगर परिषद ब्यावर